"एशियाई खेल 2026 का सपना आधिकारिक रूप से खत्म हो गया है। मैं इस समय जो दर्द और खालीपन महसूस कर रहा हूं, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। -अनुष अगरवाला

भारतीय ड्रेसेज घुड़सवार, एशियाई खेलों में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिलने पर को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — अमोल मजूमदार

महिला एशिया कप 2026 के फाइनल के बाद ट्रॉफी वितरण को लेकर उठे विवाद पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि इस मामले में बीसीसीआई ने जो रुख अपनाया है, टीम उसके साथ खड़ी है। भारत ने रविवार को श्रीलंका को 72 रन से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार महिला एशिया कप का खिताब जीता। इसके बाद हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। नकवी पाकिस्तान सरकार में भी शामिल हैं।

क्या आप जानते हैं ?... चीन के हांग्जो में हुए 2022 एशियाई खेलों (जो 2023 में आयोजित हुए थे) में भारत ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया।

वरुण चक्रवर्ती चोटिल होकर अफगानिस्तान टी20 सीरीज से बाहर

नई दिल्ली, 14 सितंबर। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती सोमवार को चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज से बाहर हो गए

और इस चोट के चलते आगामी एशियाई खेलों में उनके खेलने पर भी संशय पैदा हो गया है। चक्रवर्ती हाल में पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की चोट से उबरे थे जो उन्हें जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान लगी थी। उन्होंने रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले मुकाबले में एक विकेट लिया था।

भारत ने यह मैच आसानी से जीता था और चक्रवर्ती ने अपने चार ओवरों में महज 16 रन दिए थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने कहा, "यह नयी चोट है। एमआरआई में इसका खुलासा हुआ है कि उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव है।

वह सीरीज से बाहर हो गए हैं और उनका एशियाई खेलों में हिस्सा लेना भी संदिग्ध है। " हाल के दिनों में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में खिलाड़ियों की चोटों के बार-बार सामने आने के कारण वहां की चोट प्रबंधन व्यवस्था सवालों के घेरे में रही है। चक्रवर्ती की ताजा चोट भी इसी सिलसिले का एक और उदाहरण है।

इस नयी चोट के कारण 19 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों में चक्रवर्ती का हिस्सा लेना भी संदिग्ध है। भारत 22 सितंबर को जापान के खिलाफ एक ऐतिहासिक टी20 मुकाबला भी खेलेगा और इसके बाद 28 सितंबर से जापान के निशिन में होने वाले एशियाड में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। सीरीज से पहले भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा समय पर फिट नहीं हो सके।

फिटनेस के आधार पर उन्हें मूल टीम में शामिल किया गया था, लेकिन वह अफगानिस्तान सीरीज और एशियाई खेलों के लिए समय पर चोट से उबर नहीं पाए। उनकी जगह यश ठाकुर को टीम में शामिल किया गया है। स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा ऑलराउंडर नीतिश कुमार रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर भी हाल में चोट से उबरकर वापसी कर चुके हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा टी20 मैच यहां मंगलवार को और तीसरा मुकाबला बृहस्पतिवार को खेला जाएगा।

सुरेन्द्र गुर्जर एशियन गेम्स जापान के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम के साथ पर्यवेक्षक नियुक्त

जयपुर 14 सितम्बर। राजस्थान के खेल जगत के लिए गौरव का विषय है कि राजस्थान ओलंपिक

संघ के महासचिव सुरेन्द्र गुर्जर को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 2026 एशियन गेम्स के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम के साथ पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। 2026 एशियन गेम्स का आयोजन जापान के नागोया शहर में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा।। एथलेटिक्स (ट्रैक एंड फील्ड) प्रतियोगिताएं नागोया शहर के मिज़ुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित की जाती हैं, जिसे पालोमा मिज़ुहो स्टेडियम के नाम से भी जाना जाता है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सुरेन्द्र गुर्जर के खेल प्रशासन एवं संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें भारतीय एथलेटिक्स दल के साथ यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे भारतीय एथलेटिक्स टीम के साथ समन्वय एवं आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

पाकिस्तानी टीम से बाहर किए जाने और चल रही जांच पर मोहम्मद रिजवान ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली 14 सितम्बर। मोहम्मद रिजवान ने इस मुद्दे पर कहा है कि वह जांच पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। 34 वर्षीय रिजवान ने यह भी संकेत दिया कि जांच पूरी होने के बाद वह मीडिया से बात कर सकते हैं। रिजवान और इमाम-उल-हक के खिलाफ चल रही जांच में पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम से जानकारी लीक करने के आरोपों के साथ-साथ टीम के हालिया इंग्लैंड दौरे से संबंधित मामले भी शामिल हैं । लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे टेस्ट में हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा पाकिस्तान वापस भेजे गए सात खिलाड़ियों में रिजवान और इमाम भी शामिल थे। पहले दो टेस्ट मैचों में रिजवान का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, उन्होंने चार पारियों में केवल 61 रन बनाए।

नकवी से एशिया कप ट्रॉफी नहीं लेना बोर्ड का संस्थागत फैसला : सैकिया

नई दिल्ली, 14 सितंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने सोमवार को कहा कि महिला क्रिकेट टीम का एशियाई क्रिकेट परिषद के पाकिस्तानी प्रमुख मोहसिन नकवी से एशिया कप ट्रॉफी नहीं लेना बोर्ड का मौजूदा परिस्थितियों और भावनाओं को ध्यान में रखकर लिया गया 'सोचा समझा संस्थागत' फैसला है। भारतीय महिला टीम ने रविवार को दुबई में खेले गए फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराया, लेकिन उन्होंने नक़वी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की। इससे पहले 2025 में भारतीय पुरुष टीम ने भी एशिया कप जीतने पर पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में नक़वी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।

उस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। सैकिया ने कहा, "हमने सभी मौजूदा पहलुओं पर विचार करते हुए सोच समझ कर यह फैसला लिया था। हमने पहले ही एसीसी को अपनी स्थिति से अवगत करा दिया था कि इन परिस्थितियों में भारतीय टीम पुरस्कार वितरण समारोह में भाग नहीं लेगी।" उन्होंने कहा, "देश में व्याप्त परिस्थितियों और भावनाओं पर गौर करते हुए बीसीसीआई को लगा कि टीम के लिए प्रस्तावित तरीके से ट्रॉफी लेना उचित नहीं होगा।" सैकिया ने कहा, "यह एक दृढ़ संस्थागत निर्णय था, जो हमारे रुख को दर्शाता है। इसका मकसद खिलाड़ियों, टूर्नामेंट या खेल पर सवाल उठाना नहीं था।" पिछले साल अप्रैल में हुए आतंकी हमले के बाद मई में दोनों देशों के बीच संक्षिप्त सैन्य टकराव भी हुआ था। इस बात पर बहस चल रही है कि क्या भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सभी मैचों का बहिष्कार करना चाहिए। इस संदर्भ में सैकिया ने दोहराया कि सभी खेल प्रतिबद्धताओं को हमेशा पूरा किया जाएगा क्योंकि भारत सरकार ने उन्हें बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पड़ोसी देश के साथ खेलने की अनुमति दी है।

उन्होंने कहा, "एशिया कप में हमारी भागीदारी एसीसी के सदस्य के रूप में हमारी खेल प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और मौजूदा नीति का पालन करने के लिए थी। खेल भावना या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से समझौता करने का कोई सवाल ही नहीं था। हालांकि बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेना और ट्रॉफी हासिल करने का तरीका दो अलग-अलग मामले हैं।" किसी भी खिलाड़ी की इच्छा होती है कि वह ट्रॉफी उठाए लेकिन बीसीसीआई सचिव इस बात से खुश हैं कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने अपना काम बखूबी अंजाम दिया।

उन्होंने कहा, "भारतीय महिला टीम ने वह कर दिखाया है जो सबसे ज्यादा मायने रखता है। उन्होंने मैदान पर अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर एशिया कप जीता है। हमें और पूरे देश को टीम पर बहुत गर्व है।

यह उपलब्धि खिलाड़ियों और भारतीय क्रिकेट की है।" महिला टीम अब जापान के लिए रवाना होगी जहां वह एशियाई खेलों में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेगी। सैकिया ने कहा, "अभी हमारा पूरा ध्यान एशियाई खेलों पर है और हम इस समय उनकी तैयारियों से ध्यान भटकाने वाली किसी भी चीज को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20 में अजेय बढ़त लेने उतरेगी भारतीय टीम, पांचवें गेंदबाज की तलाश जारी

नई दिल्ली, 14 सितंबर। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले दूसरे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी और इस दौरान पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान भी निकालना चाहेगी। हार्दिक पंड्या के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम में पांचवें विश्वसनीय गेंदबाजी विकल्प की कमी महसूस हो रही है। विश्व कप विजेता भारत ने रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शानदार वापसी की।

श्रेयस अय्यर की टीम ने पहले मैच में हर मोर्चे पर शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अर्शदीप ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए और अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 156 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।

इसके बाद अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 82 रन बनाए जिससे भारत ने 13.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने भी चोट से वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन भारत को इस महीने के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान करना होगा। अय्यर को उस स्थान की भरपाई करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि ऑलराउंडर शिवम दुबे और नीतीश कुमार रेड्डी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।

रेड्डी के दो ओवरों में 30 रन लुटाए जबकि आखिरी ओवर में गेंद संभालने वाले दुबे ने 21 रन दिए। अभिषेक ने भी एक ओवर किया। इस तरह तीनों ने मिलकर अपने चार ओवरों में 59 रन लुटाए।

अर्शदीप, बुमराह, अक्षर पटेल और चक्रवर्ती के अच्छे प्रदर्शन से भारत को पांचवें गेंदबाजी के विकल्पों का खराब प्रदर्शन भारी नहीं पड़ा लेकिन भविष्य में टीम को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बल्लेबाजी की बात करें तो अभिषेक ने अपनी तूफानी पारी से अपनी फॉर्म को लेकर उठ रही शंकाओं को दूर कर दिया। शानदार फॉर्म में चल रहे ईशान किशन ने अभ्यास के दौरान पीठ पर लगी मामूली चोट को दरकिनार करते हुए 33 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था।

विश्व तीरंदाजी कप फाइनल

धीरज बोम्मदेवरा ने रचा इतिहास, पुरुष रिकर्व में जीता स्वर्ण

सााल्टिलो (मेक्सिको), 14 सितंबर । भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने एशियाई खेलों की तैयारियों को मजबूती देते हुए रविवार को विश्व तीरंदाजी कप फाइनल में पुरुष रिकर्व वर्ग का ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीत लिया। धीरज ने खिताबी मुकाबले में जापान के विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता नाकानिशी जुन्या को शूट-ऑफ में हराया। विजयवाड़ा के 25 वर्षीय धीरज विश्व तीरंदाजी कप फाइनल में रिकर्व स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बन गए हैं। निर्धारित पांच सेट के बाद मुकाबला 5-5 से बराबर रहा, जिसके बाद शूट-ऑफ



हुआ। इसमें धीरज ने 10 अंक का निशाना साधा, जबकि नाकानिशी 9 अंक ही हासिल कर सके। धीरज का यह ऐतिहासिक स्वर्ण पदक एशियाई खेलों से पहले भारतीय तीरंदाजी के लिए भी बड़ी उपलब्धि है और इससे आगामी महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए उनकी तैयारियों को महत्वपूर्ण बढ़ावा मिलेगा।

श्री चरणी ने सर्वाधिक विकेट लेने का बनाया भारतीय रिकॉर्ड

दुबई, 14 सितंबर। भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर एन. श्री चरणी ने रविवार को श्रीलंका के खिलाफ महिला एशिया कप 2026 के फाइनल में एक बडी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एक कैलेंडर वर्ष में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले के 14वें ओवर में श्री चरणी ने हरशिता समरविक्रमा को अपनी ही गेंद पर कैच कर पवेलियन भेजा। इस विकेट के साथ उनके इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 36 विकेट हो गए और उन्होंने पूनम यादव का भारतीय रिकॉर्ड तोड दिया। चरणी ने मैच में 4 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट लिए। उनके नाम इस साल टी-20 अंतरराष्ट्रीय में अब 39 विकेट हो गए हैं।

बड़े फैसले लेने की तैयारी में पीसीबी चीफ

नई दिल्ली, 14 सितंबर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में बड़े फेरबदल की तैयारी है और अध्यक्ष मोहसिन नकवी आगामी दिनों में कुछ कड़े फैसले ले सकते हैं जिसमें राष्ट्रीय चयन समिति में बदलाव और पूर्व टेस्ट क्रिकेटर आकिब जावेद को वरिष्ठ चयनकर्ता के पद से हटाना शामिल है।

मोहसिन नकवी को हो गया है अहसास : पाकिस्तान के एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी वहाब रियाज को भी एशियाई खेलों के बाद कोचिंग स्टाफ के साथ राष्ट्रीय महिला टीम के मेंटोर पद से हटाए जाने की संभावना है। वह पिछले साल से इस भूमिका में हैं। एक सूत्र ने कहा, मोहसिन नकवी को भी अब अहसास हो गया है कि हार का सिलसिला और पाकिस्तान क्रिकेट में अचानक होने वाली घटनाओं को खत्म करने के लिए कुछ बड़े कदम उठाने की

जरूरत है इसलिए ये बदलाव अब संभावित हैं। आकिब को पिछले दो वर्षों में पीसीबी द्वारा लिए गए कई अहम क्रिकेट फैसलों के पीछे प्रमुख व्यक्ति माना जाता रहा है। इनमें दूसरे टेस्ट के बाद इंग्लैंड दौरे के दौरान पाकिस्तान टीम और कोचिंग स्टाफ में व्यापक बदलाव का विवादास्पद फैसला भी शामिल है। पाकिस्तान के इस पूर्व टेस्ट गेंदबाज को हाल के समय में पाकिस्तान क्रिकेट में मची उथल-पुथल के लिए भी व्यापक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है। इस दौरान कोचिंग स्टाफ और कप्तानी में लगातार बदलाव हुए हैं।

माइक हेसन संभाल सकते हैं टेस्ट कोच की जिम्मेदारी : सूत्र ने कहा कि चयन और क्रिकेट से जुड़े अन्य मामलों में बदलाव करने का पीसीबी का फैसला सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच माइक हेसन के इस संकेत से भी प्रभावित हुआ कि वह टेस्ट टीम की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के गृह मंत्री की भी भूमिका निभा रहे नकवी रविवार रात महिला एशिया कप फाइनल के लिए दुबई में थे। इस दौरान एक और विवाद खड़ा हो गया जब भारतीय टीम ने उनसे विजेता ट्रॉफी नहीं ली। यह 2025 पुरुष एशिया कप के दुबई में खेले गए फाइनल के विवाद की पुनरावृत्ति थी जब भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।

ज्वेरेव ने शेल्टन को हराकर पहली बार जीता यूएस ओपन का खिताब, अमेरिकी उम्मीदें फिर टूटीं

न्यूयॉर्क, 14 सितंबर। अमेरिका की अपने किसी खिलाड़ी को 2003 के बाद पहली बार यूएस ओपन पुरुष एकल का खिताब जीतते देखने की उम्मीद एक बार फिर टूट गई। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के फाइनल में अमेरिका के बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(2), 5-7, 6-2 से हराकर पहली बार यूएस ओपन का खिताब अपने नाम किया। मुकाबला करीब साढ़े तीन घंटे चला।

29 वर्षीय ज्वेरेव का यह करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। वह इस साल फ्रेंच ओपन भी जीत चुके हैं। छह साल पहले फ्लशिंग मीडोज में अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल में ज्वेरेव दो सेट की बढ़त के बावजूद डोमिनिक थीम से हार गए थे, लेकिन इस बार उन्होंने ऐसी कोई गलती नहीं की।

पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल रहे शेल्टन ने घरेलू दर्शकों के सामने तीसरा सेट 7-5 से जीतकर मुकाबले में वापसी की उम्मीद जगाई। उन्होंने 12वें गेम में ज्वेरेव की सर्विस तोड़कर सेट अपने नाम किया, लेकिन जर्मन खिलाड़ी ने दबाव में अपना संयम बनाए रखा।

ज्वेरेव ने चौथे सेट के पहले ही गेम में शेल्टन की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद सातवें गेम में एक और ब्रेक हासिल कर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इसके बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने बिना किसी परेशानी के अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया।

अमेरिकी खिलाड़ी के लिए शुरुआत बेहद खराब रही। शेल्टन को पहले ही सर्विस गेम में ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा और उन्होंने डबल फॉल्ट कर दिया। ज्वेरेव ने अपने अनुभव का शानदार इस्तेमाल किया। यह उनका छठा ग्रैंड स्लैम फाइनल था और उन्होंने अपनी दमदार सर्विस से शेल्टन को कोई मौका नहीं दिया। पूरे मुकाबले में ज्वेरेव ने पहली सर्विस के बाद 80 में से 68 अंक यानी 85 प्रतिशत अंक जीते। पहले सेट के नौवें गेम में शेल्टन को एक और ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा और उन्होंने फिर डबल फॉल्ट कर दिया, जिससे ज्वेरेव ने पहला सेट 6-3 से अपने

नाम कर लिया।

दूसरे सेट में शेल्टन ने बेहतर प्रदर्शन किया और ज्वेरेव की सर्विस पर कोई ब्रेक प्वाइंट नहीं बनाया जा सका। हालांकि टाईब्रेक में ज्वेरेव ने 5-0 की बढ़त बनाकर सेट पर कब्जा कर लिया। उनके दमदार सर्विस के जवाब में शेल्टन का फोरहैंड रिटर्न नेट में चला गया।

शेल्टन ने ज्वेरेव के खिलाफ लगातार 12 सेट गंवाने का सिलसिला तीसरे सेट में खत्म किया, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके। ज्वेरेव ने चौथे सेट में तुरंत नियंत्रण हासिल कर लिया और अंततः ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

ज्वेरेव के खिलाफ मुकाबले से पहले शेल्टन का रिकॉर्ड 0-5 था। दोनों के बीच इससे पहले किसी ग्रैंड स्लैम में मुकाबला नहीं हुआ था और उनकी पिछली भिड़ंत 2025 एटीपी फाइनल्स में हुई थी। शेल्टन ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज़ और हमवतन फ्रांसेस टियाफोए को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

इस हार के साथ अमेरिकी पुरुषों का यूएस ओपन जीतने का इंतजार जारी रहा। अमेरिका के एंडी रॉडिक ने 2003 में न्यूयॉर्क में खिताब जीता था और तब से कोई अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत सका है। ज्वेरेव ओपन युग में बोरिस बेकर के बाद यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब जीतने वाले दूसरे जर्मन पुरुष खिलाड़ी भी बन गए।

सचिन, गांगुली और शास्त्री को सीएसी में शामिल करो : गावस्कर

नई दिल्ली, 14 सितंबर । भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर हमेशा अपनी तर्कसंगत राय देने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) की भूमिका और कार्यक्षेत्र को बढ़ाने का आग्रह किया है। इस सलाह के पीछे उनका मकसद यह है कि घरेलू क्रिकेट में मौजूद कमियों को दूर किया जा सके। हाल ही में दलीप ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें ईस्ट जोन ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया था। सुनील गावस्कर को अब यह नियम रास नहीं आ रहा है। उन्होंने इस पर सुधार की गुंजाइश जताई थी।

गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा चयन समितियों और सीएसी के अलावा बीसीसीआई में आज कोई समिति नहीं है। शायद अब समय आ गया है कि सीएसी का दायरा बढ़ाया जाए और चयनकर्ताओं और कोचों के चयन के साथ-साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैचों के शेड्यूल और भारतीय क्रिकेट से संबंधित सभी चीजों पर भी ध्यान दिया जाए। कुछ बेहद अनुभवी पूर्व क्रिकेटर हैं जिनकी विशेषज्ञता का उपयोग इस समिति में किया जा सकता है।" उन्होंने आगे लिखा, "सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, रवि शास्त्री, अनिल कुंबले, हरभजन सिंह, वीरेंद्र सहवाग जैसे नामों के बारे में क्या ख्याल है।

महिला एशिया कप फाइनल

क्रांति गौड़ पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना, एक डिमेरिट अंक भी जुड़ा

दुबई, 14 सितंबर । भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ पर श्रीलंका के खिलाफ महिला एशिया कप फाइनल में आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। क्रांति को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह अनुच्छेद अंतरराष्ट्रीय मैच में किसी बल्लेबाज के आउट होने के बाद ऐसी भाषा, हरकत या इशारे के इस्तेमाल से संबंधित है, जो बल्लेबाज को अपमानित करे या उसकी ओर से आक्रामक प्रतिक्रिया को उकसा सके। यह घटना श्रीलंका की पारी के पहले ओवर में हुई। सलामी बल्लेबाज इमेशा दुलानी को आउट करने के बाद क्रांति ने पवेलियन की ओर इशारा किया था। 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध है। क्रांति ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को भी स्वीकार कर लिया। इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर सलीमा इम्तियाज और शथिरा जाकिर जेस्सी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना तथा चौथे अंपायर हुमैरा फाराह ने आरोप लगाया था। लेवल-1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है, जबकि अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

पाकिस्तान पर भी जुर्माना : श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को खेले गए महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान टीम पर भी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की जीएस लक्ष्मी ने यह सजा सुनाई। समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद पाकिस्तान को निर्धारित लक्ष्य से एक ओवर कम पाया गया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत निर्धारित समय में टीम द्वारा प्रत्येक ओवर कम किए जाने पर खिलाड़ियों की मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा को मान लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर वृंदा राठी और शथिरा जाकिर जेस्सी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना तथा चौथे अंपायर रबाब अहसन ने धीमी ओवर गति का आरोप लगाया था।

तीसरी जयपुर जिला टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

तुषार रामचंदानी पुरुष व समृद्धि व्यास महिला वर्ग में बने चैंपियन

जयपुर 14 सितम्बर। प्रो स्टार टेबल टेनिस अकादमी में 12 एवं 13 सितंबर को तीसरीजयपुर जिला टेबल टेनिस रैंकिंग प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जयपुर जिले के विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के प्रमुख परिणाम, **बालक वर्ग: अंडर-9:** प्रथम-शिवांश, द्वितीय-अद्वित बगड़ा, तृतीय-विहान सैनी व आरव्य जैन। **अंडर-11:** प्रथम-मानविक शर्मा, द्वितीय-याजत झा, तृतीय-यशवर्धन सिंह व अव्या सोगानी। **अंडर -13:** प्रथम-आरव सहनी, द्वितीय इशान गोयल, तृतीय-कविश सारण व निवान जैन। **अंडर -15:** प्रथम-भावित सिंह बिष्ट, द्वितीय दक्ष सोनी, तृतीय-इशान गोयल व प्रखर बग्गा। **अंडर -17:** प्रथम-युवान बकलिवाल, द्वितीय-प्रखर बग्गा, तृतीय-देव सोनी व दक्ष सोनी। **अंडर -19:** प्रथम-सौरभ कपूर, द्वितीय-नैतिकवीर यादव, तृतीय-तुषार रामचंदानी व युवान बकलिवाल। **पुरुष वर्ग:** प्रथम-तुषार रामचंदानी, द्वितीय सौरभ कपूर, तृतीय-भावित सिंह बिष्ट व युवान बकलिवाल। **बालिका वर्ग: अंडर -9:** प्रथम-दिविशा गुप्ता, द्वितीय प्रगति बिष्ट, तृतीय-अनन्या यादव। **अंडर -11:** प्रथम-अआंध्या नेगी, द्वितीय-मृगिया राजपूत, तृतीय-अर्शिया शर्मा। **अंडर -13:** प्रथम-आरना सहनी, द्वितीय-आराध्या, तृतीय तनिष्का व मायरा राजपूत। **अंडर -15:** प्रथम-आरना सहनी, द्वितीय इशान्या शर्मा, तृतीय-स्वर्णिमा जैन व आराध्या सैनी। **अंडर -17:** प्रथम-समृद्धि व्यास, द्वितीय-आरना सहनी, तृतीय ख्याति शर्मा व प्रत्यूषा शर्मा। **अंडर -19:** प्रथम-समृद्धि व्यास, द्वितीय-राधिका सोनी, तृतीय-आरना सहनी। **महिला वर्ग:** प्रथम-समृद्धि व्यास, द्वितीय-राधिका सोनी, तृतीय ख्याति शर्मा व अनुष्का आचार्य।

आरसीए चुनावों से सम्बंधित कुल 19 आपत्तियां आरसीए चुनाव अधिकारी को मिलीं

(नए जिलों, जिला संघ व व्यक्तिगत आपत्तियां शामिल)

जयपुर 14 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ के चुनावों को संपन्न कराने के लिए नियुक्त चुनाव



अधिकारी ए.के.पांडे, पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त व पुष्पेंद्र सिंह हाडा (सहायक चुनाव अधिकारी) को राजस्थान क्रिकेट संघ के विभिन्न जिला संघो के तरफ से जिला संघो, व्यक्तगत व तीन नए जिलों को मान्यता के विरूद कुल 19 आपत्तियां प्राप्त हुई है। सभी आपत्तियों वाले जिले जोधपुर (5), हनुमानगढ़ (2), पाली (1), बांसवाड़ा (1), अजमेर (1), दौसा (1), चित्तौड़गढ़ (1), सवाई माधोपुर(2), करौली (1), डूंगरपुर (1) व तीन नये जिले (3) । आरसीए चुनाव अधिकारी द्वारा आरसीए चुनाव प्रोग्राम के अनुसार दिनांक 15 -16 सितम्बर को प्राप्त आपत्तियों पर जवाब मांगे जायेंगे व दिनांक 17 -18 सितम्बर को सम्बंधित विषय पर सुनवाई की जाएगी।

राज्य स्तरीय अंडर 16 प्रतियोगिता

अलवर, भीलवाड़ा, भरतपुर, जालोर, जोधपुर, धौलपुर, सीकर, करौली, चूरू, हनुमानगढ़ जीती

जयपुर 14 सितम्बर। बारां - अलवर मैच (अलवर जीती), बारां पारी 66 आल आउट, अलवर के गेंदबाज कृष्ण चौधरी 15 /4, सारांश 16 /3 व प्रणव 2 विकेट, अलवर पारी 70 /1, टीम के लिए तविष शर्मा नाबाद 41 रन।

जैसलमेर - भीलवाड़ा मैच (भीलवाड़ा जीती), जैसलमेर पारी 149 आल आउट, टीम के लिए भव्य सिंह 46, रामस्वरूप 25 व राजन मिश्रा 22 रन। भीलवाड़ा के गेंदबाज आरव अग्रवाल 25 /4, अथर्व 28 /3 व अवि सुवालका 37 /2 विकेट। भीलवाड़ा पारी 152 /4, टीम के लिए आदित्य ओझा 50 व आर्यवीर शर्मा 33 रन। भरतपुर - टोंक मैच (भरतपुर जीती)वीजेडी मेथड से लक्ष्य 35 ओवर में 153 रन)। भरतपुर पारी 207 आल आउट, टीम के लिए वशिष्ठ शर्मा 66, अनमोल 23 रन। दौसा -जालोर (जालोर जीती) दौसा पारी 162 आल आउट, टीम के लिए सचिन यादव 79 व ध्रुव 31 रन।

जालोर के गेंदबाज धीरज 43 /4, जालोर पारी 163 /2, टीम के लिए गीतेशपुरोहित नाबाद 114 रन। बांसवाड़ा - जोधपुर मैच (जोधपुर जीती), धौलपुर - चित्तोड़ मैच (धौलपुर जीती), अजमेर - सीकर मैच (सीकर जीती), अजमेर पारी 144 आल आउट, टीम के लिए चित्रांश54 रन । करौली-पाली मैच (करौली जीती), चूरू - बाड़मेर मैच (चूरू जीती), हनुमानगढ़ - डूंगरपुर मैच (हनुमानगढ़ जीती), हनुमानगढ़ पारी 215 /9, टीम के लिए शुभंकर 46, रमन 44 रन। डूंगरपुर के गेंदबाज भव्य पांडे 39 /3, डूंगरपुर पारी 97 /9, टीम के लिए केदार 41 हनुमानगढ़ के गेंदबाज सुमित चौधरी 25 /4, अनमोल 14 /3 व लक्ष्य 23 /2 विकेट